हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
09 फ़रवरी 2025, समय 1810

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि आम आदमी पार्टी की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक रिपोर्ट विधानसभा के पहले सत्र में पेश की जायेगी।

- मुख्यमंत्री नायब सिंह ने दिल्ली में बी.जे.पी की जीत का श्रेय, प्रधानमंत्री को दिया और कहा कि दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी।

- "परीक्षा चे चर्चा" कार्यक्रम का आठवां संस्करण कल नई दिल्ली में आयोजित होगा।

- हरियाणा के दो छात्र खुशी और अजय कल "परीक्षा पे चर्चा" में शामिल होंगे।

- हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने स□ौरा, नारायणगढ़,आदमपुर,चरखी दादरी और करनाल के लिए 239 करोड़, 35 लाख रुपये के विकास कार्यों की मंज़ूरी दी।

***************************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्लीवासियों को आश्वासन दिया है कि आम आदमी पार्टी की नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की रिपोर्ट विधानसभा के पहले सत्र में पेश की जाएगी। बी जे पी मुख्यालय में पार्टी समर्थकों को संबोधित करते प्रधानमंत्री ने कहा -

*दिल्ली का जनादेश आ चुका है। मैं गांरटी दे रहा हूं, पहले विधानसभा सत्र में ही सीएजी की रिपोर्ट सदन में रखी जाएगी। भ्रष्टाचार के हर तार की जांच होगी और जिसने भी लूटा है, उसको लौटाना पड़ेगा।*

उल्लेखनीय है कि सीएजी रिपोर्ट में दिल्ली सरकार की आबकारी नीति में अनियमितताओं के कारण राजस्व में दो हजार 26 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जिसमें से 890 करोड़ रुपये का नुकसान नीति अनुसार निर्धारित अवधि समाप्त होने से पहले छोड़े गए लाइसेंसों को फिर से निविदा के माध्यम से देने में सरकार की विफलता के कारण हुआ।

***************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर मोहर लगाई है। आज नई दिल्ली में एक पत्रकारवार्ता को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि चाहे दिल्ली की सड़कों को पेरिस जैसी बनाने का वायदा हो या गरीब के बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनाने का, अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से झूठे वादे किए लेकिन काम कोई नहीं किया। इसके विपरीत उन्होंने जगह-जगह शराब के ठेके खोलने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने यमुना नदी को 2025 तक स्वच्छ करने का वादा किया और जब वे इसे पूरा नहीं कर पाएं तो हरियाणा पर नदी में जहर मिलाने का झूठा आरोप लगा दिया। दिल्ली की जनता ने उनके झूठे वादों का जवाब उन्हें सत्ता से बाहर करके दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा–

उन्होंने कहा कि अब मोदी जी की नीतियां दिल्ली में लागू होंगी, लोगों को आयुष्मान योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा और पीने का स्वच्छ पानी उपलब्ध होगा। श्री नायब सिंह ने कहा कि अब दिल्ली फिर से विकास की दौड़ में शामिल होगी। उन्होंने कहा कि यमुना रिवर फ्रन्ट को इतना सुंदर बनाया जाएगा कि लोग कर्तव्य पथ व इंडिया गेट की बजाय वहां घूमना पसंद करेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को खत्म करने के लिए भी तेज गति से काम होगा। इसके लिए मेट्रो सेवाओं और इलैक्ट्रिक वाहनों को बढ़ाने सहित कई योजनाओं पर काम किया जाएगा। एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि छोटा हो या बड़ा बी.जे.पी हर चुनाव को गंभीरता से लड़ती है। उन्होंने दावा किया कि हरियाणा में स्थानीय निकाय चुनावों में भी पार्टी अपना परचम लहराएगी।

**************************************************************************

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि प्रथम वैश्विक श्रव्य-दृश्य मनोरंजन सम्मेलन- वेव्स से भारत को सामग्री निर्माण का वैश्विक केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सम्मेलन में दुनिया के जाने-माने मीडिया संगठनों के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और अन्य चर्चित हस्तियां शामिल होंगी। उल्लेखनीय है कि पहला वेव्स सम्मेलन इस वर्ष पहली मई से 4 मई तक मुंबई में आयोजित होगा।

**************************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं। हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*************************************************************************

परीक्षा पे चर्चा का आठवां संस्करण कल नई दिल्ली में आयोजित किया जायेगा। इस बार यह एक नए प्रारूप में नजर आएगा। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि कार्यक्रम के नए प्रारूप में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्तित्व विद्यार्थियों के साथ बातचीत कर अपने अनुभव तथा ज्ञान साझा करेंगे। परीक्षा पे चर्चा की शुरुआत में प्रधानमंत्री विद्यार्थियों के साथ बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दूरदर्शन, स्वयं, स्वयं प्रभा, प्रधानमंत्री कार्यालय के यूट्यूब चैनल और शिक्षा तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालयों के सोशल मीडिया चैनलों पर किया जायेगा।

*************************************************************************

हरियाणा के दो छात्रों नारनौल से खुशी और सिरसा से अजय का चयन परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए चयन हुआ है। इस कार्यक्रम में प्रत्येक राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के विभिन्न स्कूलों से 36 विद्यार्थी चुने गए हैं।

उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम के लिए इस वर्ष भागीदारी के लिए शिक्षा मंत्रालय को विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के साढ़े तीन करोड़ से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

*************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नारायणगढ़, स□ौरा, आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र की सड़कों, चरखी दादरी जिले के पाटूवास गांव में जल कार्यो, करनाल जिले के घोगरीपुर में कैथल सड़क से मुनक सड़क तक पच्छिमी बाईपास के निर्माण और पानीपत-सफीदों-जींद सड़क के विकास कार्यो के लिए 239 करोड़ 35 लाख रूपये से अधिक की राशि मंजूर की है। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि यमुनानगर जिले के स□ौरा निर्वाचन क्षेत्र और अंबाला जिले के नारायणगढ़ निर्वाचन क्षेत्र में 12 विभिन्न सड़कों के निर्माण पर 9 करोड़ 3 लाख 18 हजार रूपये खर्च किए जाएंगे। करनाल जिले के घोगरीपुर में कैथल सड़क से मुनक सड़क तक बाईपास के निर्माण के लिए 37 करोड़ 36 लाख 30 हजार रुपए की संशोधित राशि को प्रशासनिक मंजूरी दी गई है। इसके अलावा, पानीपत-सफीदों-जींद सड़क को पानीपत से सफीदों तक 4 मार्गीय बनाने तथा सफीदों से जींद तक 10 मीटर चौड़ा करने के लिए 184 करोड़ 44 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने चरखी दादरी जिले के पाटूवास गांव में ग्रामीण जल आपूर्ति संवर्धन कार्यक्रम के तहत जल कार्यों का नवीनीकरण और डी आई पाइप लाइन बिछाने के लिए 4 करोड़ 5 लाख 88 हजार रूपये की राशि मंजूर की है। प्रवक्ता ने बताया कि इसके अलावा, हिसार जिले के आदमपुर निर्वाचन क्षेत्र में 4 करोड़ 45 लाख 65 हजार रुपए की लागत

से 4 सड़कों की मरम्मत की जाएगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने सोनीपत कमिश्नरेट के लिए पूर्वी गोहाना जोन में तथा झज्जर कमिश्नरेट के लिए बहादुरगढ़ जोन में साइबर अपराध पुलिस स्टेशनों के निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान की है ।

***********************************************************************